राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

नई दिल्ली। शुक्रवार • 6 मार्च • 2020 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

12वीं परीक्षा: एकाउंट्स के पेपर में एक सवाल में दो जगह त्रुटि

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के बारहवीं कक्षा के एकाउंट्स के पेपर के एक सवाल में परीक्षार्थी उलझ गए। दरअसल पेपर सेट दो के आखिरी सवाल में दो जगह अलग-अलग आंकड़े थे। इसी प्रकार इसी सवाल में कैश फ्लो से जुड़े एक सवाल में 18 हजार का जो आंकड़ा प्लस में दिया गया था, वह भी गलत बताया गया है। यह आंकड़ा माइनस में होना चाहिए था। स्कूल के सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने बताया कि पेपर सेट दो में दो जगह गलती थी। जबकि पेपर सेट एक और तीन में एक जगह गलती थी। इस सवाल को हल करना मुश्किल था। पीतमपुरा स्थित एमएम स्कूल की प्राचार्य रूपा पाठक ने कहा कि हम इस संबंध में शुक्रवार को सीबीएसई को ई-मेल करेंगे। इस संबंध में सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा के बाद उसकी मार्किंग स्कीम बनती है।

मार्किंग स्कीम बनाने वाले एक्सपर्ट प्रिंसिपल व टीचर होते हैं। ये एक्सपर्ट पूरे प्रश्न को पढ़ते और बताते हैं कि किसी प्रश्न में कोई गलती है तो उसे परीक्षार्थी के फेवर में ठीक किया जाए। दूसरा पेपर में किसी तरह की गलती को लेकर सुझाव, ईमेल और कॉल को रिकॉर्ड में रखा जाता है। यदि कोई प्रश्न गलत होता है तो उसका परीक्षार्थी के फेवर में निर्णय लिया जाता है। टाइपिंग त्रुटि हो सकती है, इसकी समीक्षा की जाएगी।

पेपर सेट दो में दो जगह और सेट एक और तीन में एक जगह त्रुटि

सेट दो के पेपर के क्रमांक 32 के सवाल में दो जगह गलती

गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को देशभर में बारहवीं कक्षा के परीक्षार्थियों एकाउंट्स की परीक्षा थी। परीक्षा में सेट दो के 32 क्रमांक के सवाल में दो जगह गलती होने की बात कही गई है। दो स्कूलों के सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने बताया कि इस सवाल में गलती थी। पेपर में यह प्रश्न छह अंको का था। इस प्रश्न के पहले भाग में कैश फ्लो से जुड़ा एक प्रश्न पूछा गया था। इसमें 18 हजार का एक आंकड़ा दिया गया था, जो कि प्लस में था। सब्जेक्ट एक्सपर्ट के अनुसार यह आंकड़ा माइनस में होना चाहिए था, तभी सवाल का सही जबाब आ सकता था। इसी प्रकार इसी सवाल के एक अन्य भाग में एक जगह 8 फीसद डिबेंचर लिखा था, तो दूसरी जगह 6 फीसद डिबेंचर लिखा था। जबकि बाकी पेपर सेट एक व तीन में दोनों जगह 8 फीसद डिबेंचर लिखा था। इससे सवाल का जवाब देना मुश्किल था। परीक्षा का पेपर दो भागों में बंटा था। भाग ए में सभी प्रश्न अनिवार्य थे, जबकि भाग बी में दो विकल्पों में से कोई एक करना अनिवार्य था।

पेपर लीक की झूठी वीडियो वायरल करने वाले ने मांगी माफी

नई दिल्ली (एसएनबी)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाओं के पेपर लीक होने के वीडियो जारी होने के लेकर एफआईआर दर्ज होने के बाद एक व्यक्ति ने इसको लेकर माफी मांगी है। बोर्ड से माफी मांगने वाले ने कहा है कि उसने अपने क्लासमेट को परेशान करने के लिए ऐसा किया था। उसने कहा है कि सोशल मीडिया समेत हर जगह से वीडियो को डीलीट कर दिया है। उसने कहा है कि जो पेपर उसने अपलोड किया था, वह पिछले साल का था। माफी मांगने वाले ने कहा है कि आगे से वह ऐसा नहीं करेगा। यह माफी सीबीएसई चेयरपर्सन को भेजी गई है।